सांवरे का स्वागत | by Anjali Dwivedi

बड़े भाग्य से आई घडी
मन नाचता छम छम, छम छम छम
सांवरे का स्वागत सत्कार करो रे
भाव से भजनो से मनुहार करो रे

हाथों से अपने घर को संवारा
गंगा के जल से आँगन बुहारा
चौखट पे लगाई बंधन बार
बंधन बार हाँ बंधन बार
लूण राइ मिलके एक बार करो रे
भाव से भजनो से मनुहार करो रे
सांवरे का स्वागत ....

भक्तों के संग में उत्सव मनाया
प्रेमी जनो को हमने बुलाया
रह ना जाए कोई कसर
कोई कसर हाँ कोई कसर
मंगल घडी में मंगलाचार करो रे
भाव से भजनो से मनुहार करो रे
सांवरे का स्वागत ....

अच्छे करम कुछ हैं काम आये
दुनिया के मालिक घर मेरे आये
श्याम ने सुनली मेरी पुकार
मेरी पुकार हाँ मेरी पुकार
सांवरे का मोहित आभार करो रे
भाव से भजनो से मनुहार करो रे
सांवरे का स्वागत ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%97%e0%a4%a4-by-anjali-dwivedi/